# माननीय रक्षा मंत्री के 26 अगस्त 2017 को बीईएमएल का संदर्शन

*प्रेस रिलीज़*

श्री अरुण जेटली, माननीय रक्षा मंत्री ने आज रक्षा सार्वजनिक उपक्रम बीईएमएल लिमिटेड का पहली बार संदर्शन किया ।

सबसे पहले, माननीय मंत्री महोदय ने कंपनी के केजीएफ कॉम्प्लेक्स का दौरा किया और भारत सरकार के 'मेक इन इंडिया' की पहल की ओर निर्मित एवं विकसित उत्पाद 180 टन हाइड्रॉलिक एक्सक्यावेटर – बीई1800डी और 850 एचपी बुलडोज़र बीडी475-1 का बहिर्वेल्लन किया। माननीय मंत्री महोदय की भव्य उपस्थिति में टी-72 टैंक वेरिएंट के प्रथम हल को बीईएमएल द्वारा अध्यक्ष, आयुध निर्माणी बोर्ड को सौंपा गया। तत्पश्चात मंत्री महोदय ने रक्षा हंगार का दौरा किया, जहां स्वदेशी तौर पर विकसित रक्षा उत्पाद प्रदर्शित किए गए थे और उसके बाद उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। बाद में माननीय मंत्री ने कंपनी के बेंगलूर कॉम्प्लेक्स का दौरा किया और तीसरी लाइन मेट्रो विनिर्माण सुविधाओं का उद्घाटन किया और मेट्रो विनिर्माण हंगारों का दौरा किया।

कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री दीपक कुमार होता तथा कार्यात्मक निदेशकों ने माननीय मंत्री महोदय का स्वागत किया। माननीय मंत्री ने 'मेक इन इंडिया' नीति को विधिवत प्रतिबिंबित करनेवाले स्वदेशी उत्पादों के निर्माण में बीईएमएल टीम द्वारा किए गए प्रयासों और कंपनी द्वारा प्राप्त अनुकरणीय कौशल स्तरों की सराहना की ।

माननीय मंत्री द्वारा बहिर्वेल्लन किए गए उपकरण / सुविधाओं की विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

**बुलडोज़र (बीडी475-1) :**

बीडी475-1, जो रिप्पर अटैचमेंत सहित 850 अश्वशक्तिवाला विशाल बुलडोज़र है, दुनिया में सबसे बड़ी डोज़र है, और अब तक केवल बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा हावी इस क्षेत्र में बीईएमएल प्रवेश किया है। इस डोज़र की अद्वितीय विशेषता यह है कि ब्लास्टिंग के बिना अधिक भार हटाने के द्वारा कोयला, बाक्साइट परतों तथा अन्य खनिजों को उजागर किया जा सकता है। यह विशेष रूप से घनी आबादी वाले क्षेत्रों के निकट स्थित खानों में उपयोगी है, जहां ब्लास्टिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। उक्त आयात सबस्टेशन उपकरण बीईएमएल की टोपी में एक और पंख है तथा सरकारी खजाने को भारी मात्रा में बचाता है।

**हाइड्रॉलिक एक्सक्यावेटर (बीई1800डी):**

उसी प्रकार, सबसे बड़ा 180 टन (बीई1800डी) हाइड्रॉलिक एक्सक्यावेटर, बीईएमएल द्वारा देशज रूप से 90% से अधिक स्वदेशी सामग्रियों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है और यह मेगा खानों में अनुप्रयोगों के लिए आयात प्रतिस्थापन के रूप में कार्य करता है। बीईएमएल द्वारा अबतक 160 टन तक के एक्सक्यावेटर निर्मित किए जा रहे थे और यह एक मॉडल के साथ ग्राहकों की सेवा करने में सक्षम होगा और देश में उच्च क्षमता वाला डंप ट्रक लदान करने में मदद कर सकता है।

अर्थमूवर क्षेत्र में, बीईएमएल की बिक्री का 30% रिलायंस, अदानी, खान डेवलपर्स और ऑपरेटर और अन्य मध्यम ठेकेदारों जैसे निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए है।

**टी-72 टैंक वेरिएंट के लिए हल**

सशस्त्र बलों में योगदान बढ़ाने के अपने प्रयास में, बीईएमएल ने विभिन्न परियोजनाओं के लिए आयुध निर्माणी के साथ सहयोग किया है, उनमें से एक टी 72 टैंक वेरिएंट के लिए हल का निर्माण भी एक है। यह आयुध निर्माणी में हल के उत्पादन को पूरा करने में मदद करेगा।

**तीसरी लाइन मेट्रो विनिर्माण सुविधा :**

बीईएमएल, जो भारत में अत्याधुनिक मेट्रो कारों का निर्माण और आपूर्ति करनेवाली पहली भारतीय सार्वजनिक कंपनी है, ने दिल्ली, बेंगलूर और जयपूर जैसे विभिन्न मेट्रो निगमों को 1200 से अधिक मेट्रो कारों की आपूर्ति की है।

बढ़ती मांग को सामना करने और अपने नेतृत्व की स्थिति को बनाए रखने के प्रयासों में, बीईएमएल ने जिग्स, जुड़नार और मशीनों को बढ़ाकर और उसी समय में मेट्रो कारों के निर्माण से संबंधित उच्चतम गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करते हुए, प्रतिमाह 18 कारों के प्रतिमाह 27 कार के रूप में अपनी उत्पादन क्षमता को आगे बढ़ाया है।



*बीईएमएल बेंगलूर में रक्षा मंत्री को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए बीईएमएल के सीएमडी*



*बीईएमएल केजीएफ़ में रक्षा मंत्री को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए बीईएमएल के सीएमडी। साथ में दर्शित हैं कोलार के सांसद, सचिव, रक्षा उत्पादन तथा अध्यक्ष, आयुध निर्माणी*



*माननीय रक्षा मंत्री श्री अरुण जेटली टी72 हल का उद्घाटन करते हैं, साथ में दर्शित हैं कोलार के सांसद श्री केएच मुनियप्पा, सचिव, रक्षा उत्पादन श्री ए के गुप्ता, अध्यक्ष, आयुध निर्माणी श्री एस सी बाजपई और बीईएमएल के सीएमडी श्री डी के होता।*




*बीईएमएल के सीएमडी श्री डी के होता की उपस्थिति में श्री अरुण जेटली, माननीय रक्षा मंत्री डॉ. टी.के. चंद, सीएमडी, नालको को बीडी475 डोज़र सौंपते हैं।*




*माननीय रक्षा मंत्री श्री अरुण जेटली द्वारा बीई1800डी एक्सक्यावेटर तथा बीडी475-1 डोज़र का उद्घाटन तथा कोलार के सांसद, सचिव, रक्षा उत्पादन और सीएमडी, बीईएमएल की उपस्थिति में डॉ. टी.के. चंद, सीएमडी, नालको को बीडी475 डोज़र सौंपते हैं।*



*बीईएमएल बेंगलूर में रक्षा मंत्री द्वारा तीसरी लाइन मेट्रो सुविधाओं का उद्घाटन। साथ में दर्शित हैं सचिव, रक्षा उत्पादन तथा बीईएमएल के सीएमडी।*




*पट्टिका का अनावरण करने के बाद सचिव, रक्षा एवं सीएमडी, बीईएमएल के साथ माननीय रक्षा मंत्री दर्शित हैं।*